Press Media Communication Report

-From Public Relations Cell BSNL CO New Delhi

Publication:	राष्ट्रीय सहारा	Page No:	15
Place:	नई दिल्ली	Date:	14/1

बीएसएनएल वाई फाई सेवा का विस्तार करेगी

▶ कंपनी ने टाटा काम के साथ किया समझौता

■ नई दिल्ली।

सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल की निगाह अंतरराष्ट्रीय रोमिंग बाजार पर है। इसी के मद्देनजर बीएसएनएल ने टाटा कम्युनिकेशंस के साथ भागीदारी की है जिससे वह अपने ग्राहकों को वैश्विक स्तर पर निश्चित मूल्य 999 रुपए में 4.4 करोड़ वाईफाई हाटस्पाट तक पहुंच उपलब्ध कराएगी।

बीएसएनएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अनुपम श्रीवास्तव ने कहा, 'बीएसएनएल इस तरह बड़ा कदम उठाने वाली पहली भारतीय मोबाइल आपरेटर है। इससे हमारे मोबाइल ग्राहक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वाईफाई का इस्तेमाल कर सकेंगे। हमारे ग्राहकों की विदेश यात्रा के दौरान उन्हें द्रुत गति की डेटा सेवा देने के लिए हमने टाटा कम्युनिकेशंस के साथ भागीदारी की है। वे इन हॉटस्पॉट पर निश्चित कीमत में असीमित डेटा का लाभ उठा सकेंगे।'

वैश्विक स्तर पर 4.4 करोड़ वाईफाई हाटस्पाट तक पहुंच बढ़ाने की योजना

उन्होंने कहा कि कंपनी के ग्राहक इस वाईफई प्लान को बीएसएनएल के मोबाइल एप के जरिए एक्टिवेट कर सकेंगे। तीन दिन के प्लान का मूल्य 999 रुपए, 15 दिन का 1,599 रुपए तथा 30 दिन का 1,999 रुपए होगा। ■ भाषा